
# केन्द्रीय विद्यालय क्र.1

# जी.सी.एफ. जबलपुर

## त्रैमासिक हिन्दी ई-समाचार पत्रिका

## (अप्रैल-जुलाई 2023)




### जीवन परिचय

मुंशी प्रेमचंद जी का असली नाम धनपत राय श्रीवास्तव है जो की प्रेमचंद के नाम से जाने जाते थे, इनका जन्म 31 जुलाई 1880 तथा मृत्यु 8 अक्टूबर 1936 को हुई थी। ये हिंदी तथा उर्दू के प्रसिद्ध तथा सर्वाधिक लोकप्रिय उपन्यासकार तथा कहानीकारक थे। इन्होने प्रेमाश्रम, रंगभूमि, सेवासदन, निर्मला, कर्मभूमि, गोदान, गबन, इत्यादि लगभग डेढ़ दर्जन के लगभग उपन्यास लिखे हैं तथा पूस की रात, बड़े घर की बेटी, कफन, पंच परमेश्वर, दो बैलों की कथा, बूढ़ी काकी जैसी तीन सौ से भी अधिक कहानियाँ उनके द्वारा लिखी गई हैं।

## प्राचार्य का संदेश



प्रिय सहकर्मियों, अभिभावकों, छात्रों, पूर्व छात्रों और शुभचिंतकों, यह अत्यंत हर्ष एवं गौरव का विषय है कि, केन्द्रीय विद्यालय क्र.1 जी.सी.एफ़. जबलपुर इस वर्ष से अपनी त्रैमासिक हिन्दी ई-समाचार पत्रिका का प्रकाशन करने जा रहा है | विद्यालयीन त्रैमासिक हिन्दी ई-समाचार पत्रिका नई शिक्षा नीति (G-20) के दिशा निर्देशों को समाहित करते हुए विद्यालय में संचालित शैक्षिणिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं अन्य सभी सह-शैक्षणिक गतिविधियों का दर्पण है | यह विद्यालय की प्रथम त्रैमासिक हिन्दी ई-समाचार पत्रिका है, जिसके सफल प्रकाशन हेतु विद्यालय के समस्त हिन्दी भाषा शिक्षक एवं संपादक-मण्डल को मैं अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ प्रकट करता हूँ जिनके अथक प्रयास, सहयोग व दिशा-निर्देशन में पत्रिका का यह अंक प्रकाशित होने जा रहा है |

-श्री रजनीश कुमार सिंघई
प्राचार्य,के.वि.क्र.1जी.सी.एफ.जबलपुर

---

# हिन्दी विभाग

### संपादक दल-



श्री तरुण मेहरा
(प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक)



श्री अभिषेक कुमावत
(प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक,संस्कृत)



श्री सर्वजीत राम
(प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक)

### सहयोगकर्ता एवं परामर्श समिति-



श्रीमती सुनीता लोहरा
(स्नातकोत्तर शिक्षिका)



श्री ब्रजेश कुमार विश्वकर्मा
(प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक)



श्री ओ० पी० साहू
(प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक)

**दिनांक:-13 अप्रैल 2023**







**पुस्तक-उपहार कार्यक्रम,**

इस कार्यक्रम के जरिये किताबों पर व्यय होने वाले पैसों की बचत और विद्यार्थियों में सहयोग की भावना विकसित होती है। इस कार्यक्रम की सबसे अच्छी बात यह रही कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने अपनी पुस्तकें आपस में बदलकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना सहयोग दिया।

## सदन-पटल सजावट गतिविधि




**शिवाजी सदन**




**टैगोर सदन**




**रमन सदन**





**अशोक सदन**

# पुस्तकालय में उपलब्ध नवीन हिन्दी पत्रिकाएँ




---





## परिवर्तन अभियान

प्राचार्य महोदय द्वारा विद्यालय में चलाए गए 'परिवर्तन अभियान' के अंतर्गत प्रत्येक कक्षा के लिए कक्षा-पुस्तकालय की व्यवस्था की गई है | जिसमें हिन्दी-माध्यम की पुस्तकों के माध्यम से विद्यार्थी के शब्दकोश एवं सामान्य ज्ञान में बढोत्तरी हो रही है |

---

**राजभाषा हिन्दी- कार्यशाला**





## निबंध लेखन व चित्रकला प्रतियोगिता (जल-संरक्षण)







## पुरस्कार व सम्मान






पुष्टि शर्मा (तृतीय स्थान राष्ट्रिय पत्र लेखन प्रतियोगिता)

प्रगति गुप्ता (सी.बी.इस.ई. द्वारा आर्थिक सम्मान)

# कक्षा गतिविधियाँ

कक्षा सूचना-पट सज्जा



















**दिनांक:-21 जून 2023**








21 जून 2023 को विद्यालय परिसर में 9वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों प्राचार्य महोदय एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम "वसुधैव कुटुंबकम के लिये योग" थी, जो भारत की सामाजिक-सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डालती है और एकता को बढ़ावा देती है।

---

## परियोजना कार्य










**संस्कृत परियोजना कार्य** **हिन्दी परियोजना कार्य**

राजभाषा नियमावली के आधार पर कार्यों का निष्पादन





**दिनांक:-28 जुलाई 2023**









**पेड़ लगाओ ,जीवन बचाओ संदेश के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम**

'जहाँ हरियाली, वहाँ खुशहाली' इसी भावना के साथ केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 जीसीएफ जबलपुर में दिनांक 28 जुलाई, 2023 को प्रातः 8:30 बजे गायत्री परिवार ट्रस्ट श्रीनाथ की तलैया के सौजन्य से प्राचार्य श्री रजनीश कुमार सिंघई ने वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न कराया। इस कार्यक्रम में गायत्री परिवार के बृजेश शर्मा, मुख्य ट्रस्टी, श्री बृज बिहारी शर्मा, श्री प्रेम शंकर तिवारी, श्री प्रकाश मुरझानी, डीडी चौकसे, कल्पना शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । श्री प्रकाश मुरझानी ने तरु-रोपण के महत्त्व को विद्यार्थियों से साझा किया।

प्राचार्य महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'पेड़ हम सबके लिए अनमोल हैं । पेड़ लगाने के साथ उसका संरक्षण करना भी जरूरी है।' प्राचार्य महोदय के कुशल दिशा निर्देशन में वृक्षारोपण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

********************




केन्द्रीय विद्यालय क्र. 1 जी.सी.एफ., जबलपुर
KENDRIYA VIDYALAYA NO. 1 GCF, JABALPUR
आप
CCTV
कैमरा की
नज़र में है

धन्यवाद !